**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**(अनुसूची - 'ए' मिनी रत्न - श्रेणी - 1 सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम)**

**राजीव गाँधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली- 110003**

**राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली -110003**

---

## गेट 2016 के माध्यम से अधिकारियों की भर्ती

**विज्ञापन सं0 1/2017**

**भारतीय विमानपत्त प्राधिकरण (भा0वि0प्रा0), भारत सरकार सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, की स्थापना सृजन करने, उन्नयन, जमीनी एवं हवाई क्षेत्र दोनों में सिविल एविएशन अवसंरचना का अनुरक्षण करने तथा प्रबंध करने की जिम्मेदारी सौंपते हुए संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई । भा0वि0प्रा0 को मिनी रत्न श्रेणी-1 से सम्मानित किया गया है ।**

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भा0वि0प्रा0 की वेबसाइट www.aai.aero के माध्यम से वैध गेट-2016 में अंक प्राप्त करने वाले योग्य उम्मीदवारों से नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार पदों को भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :**

| क्रम सं0 | पद का नाम | रिक्तियों और आरक्षण की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)* | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल |
| 1। | जूनियर एक्ज़ीक्यूटिव (इंजीनियरिंग-सिविल) | 27 | 13 | 07 | 03 | 50 ** |
| 2। | जूनियर एक्ज़ीक्यूटिव (इंजीनियरिंग- इलेक्ट्रिकल) | 27 | 13 | 07 | 03 | 50 ** |
| 3। | जूनियर एक्जीक्यूटिव (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 66 | 17 | 11 | 06 | 100 |

* (एनसीएल) = (गैर क्रीमी लेयर)

** पीडब्लूडी (1-ओएच-एक पैर, 1-एचएच-आंशिक रूप से बहरे) के लिए 2 रिक्तियां शामिल हैं

i. रिक्त पदों की संख्या अस्थायी है और भा0वि0प्रा0 के विवेकानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती हैं ।

ii. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले केवल भारतीय नागरिक उपरोक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

iii. ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां भारत के दिशानिर्देशों के अनुसार केवल नॉन-क्रीमी

लेयर (एनसीएल) से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं ।

iv. अनुसूचित जाति / जनजाति प्रमाणपत्र : - अनुसूचित जाति / जनजाति श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र : उम्मीदवारों ओबीसी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह नोट कर लें कि उन्हें इस प्रयोजन से निर्धारित प्रारूप में भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रीय सूची में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से संबंधित होने के समर्थन में दस्तावेज सत्यापन के समय वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, ताकि यह साबित हो सके कि वे ओबीसी के "क्रीमी लेयर" से संबंधित नहीं हैं । उम्मीदवार द्वारा अपनी नियुक्ति से पहले एक घोषणा भी प्रस्तुत करना होगा कि वे ओबीसी के क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं । शैक्षिणक उद्देश्यों में प्रवेश के लिए ओबीसी क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा । ओबीसी प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए जाए वाले और वह हाल ही में, 06 माह के भीतर जारी किया हुआ होना चाहिए।

vi अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांगता प्रमाण पत्र हिंदी या अंग्रेजी में जारी किया जाना चाहिए । जाति के नाम में कोई भी बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## 1. अनिवार्य योग्यता:

| क्रम सं0 | पद का नाम | अनिवार्य योग्यता | गेट शाखा / गेट कोड |
|---|---|---|---|
| 1. | जूनियर एक्ज़ीक्यूटिव (इंजीनियरिंग-सिविल) | किसी मान्यता प्राप्त / डीम्ड विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 60% अंकों सहित पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री या शीर्ष संस्था अर्थात भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आईआईटी से वर्ष 2016 के लिए गेट स्कोर कार्ड पर गेट के सामान्य वैध अंक होने चाहिएं । | सिविल / सीई |
| 2. | जूनियर एक्ज़ीक्यूटिव (इंजीनियरिंग-इलेक्ट्रिकल) | किसी मान्यता प्राप्त / डीम्ड विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 60% अंकों सहित पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री या शीर्ष संस्था अर्थात भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आईआईटी से वर्ष 2016 के लिए गेट स्कोर कार्ड पर गेट के सामान्य वैध अंक होने चाहिएं । | इलेक्ट्रिकल / ईई |
| 3. | जूनियर एक्जीक्यूटिव (इलेक्ट्रॉनिक्स) | किसी मान्यता प्राप्त / डीम्ड विश्वविद्यालय या शीर्ष संस्था अर्थात भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आईआईटी से इलैक्ट्रॉनिक्स / टेलिकम्यूनिकेशन्स / इलैक्ट्रिकल विषयों में इलैक्ट्रॉनिक्स में विशेषज्ञता सहित इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 60% अंकों सहित स्नातक डिग्री तथा वर्ष 2016 के लिए गेट स्कोर कार्ड पर गेट के सामान्य वैध अंक होने चाहिएं । | इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन / ईसी |

2 **महत्वपूर्ण निर्देश:**

(क) **दूरस्थ शिक्षा / अंशकालिक या समकक्ष योग्यता जैसे एएमआईई / सर्टिफिकेट आदि के माध्यम से अर्जित की गई अनिवार्य योग्यता पर विचार नहीं किया जाएगा ।**

(ख) **जहां अनिवार्य योग्यता में अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता आवश्यक है, उम्मीदवार को विश्वविद्यालय / संस्थान से अर्हक डिग्री में उनकी विशेषज्ञता के स्पष्ट उल्लेख सहित एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है ।**

(ग) **इंजीनियरिंग में एकीकृत स्नातकोत्तर उपाधि के मामले में, उम्मीदवार को स्नातक डिग्री के स्वामित्व के समर्थन में दस्तावेज सत्यापन के समय में एक प्रमाण पत्र तथा विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा जारी इंजीनियरिंग के अंको की सूची प्रस्तुत करना होगी ।**

(घ) **उम्मीदवार को विशेष रूप से आवेदन के प्रासंगिक कॉलम में प्राप्त अंकों (निकटतम दो दशमलव के लिए की गई गणना) का प्रतिशत दर्शाना आवश्यक है । जहाँ विश्वविद्यालय द्वारा अंकों का प्रतिशत नहीं दिया जाता है, लेकिन केवल सीजीपीए / ओजीपीए / डीजीपीए/सीपीआई आदि प्रदान किया जाता है, उन्हें इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए परिवर्तन मानदंडों के अनुसार अंकों के समतुल्य प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा । उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए अंकों के समतुल्य प्रतिशत को दर्शाते हुए दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा ।**

(ड़) **नियुक्ति हेतु किसी भी परिस्थिति में राउंड प्रतिशत स्वीकार्य नहीं होगा, अर्थात** 59.99% **को** 60% **से कम के रूप में माना जाएगा।**

(च) **केवल गेट स्कोर कार्ड पर अर्हक गेट के सामान्य अंक वाले उम्मीदवार जूनियर एक्ज़ीक्यूटिव (इंजीनियरिंग - सिविल / इलेक्ट्रिकल) और जूनियर एक्ज़ीक्यूटिव (इलेक्ट्रोनिक्स) के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।**

(छ) **परिणाम की घोषणा / मार्क शीट जारी करने की तारीख को योग्यता प्राप्त करने की तारीख माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं होगी ।**

(ज) **उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए कोई अनुभव आवश्यक नहीं है ।**

## 3. 30/09/2017 को आयु सीमा

i. **अनारक्षित उम्मीदवार के लिए** 27 **वर्ष से अधिक नहीं ।**

ii. **ओबीसी उम्मीदवार के लिए** 30 **वर्ष से अधिक नहीं ।**

iii. **अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के लिए** 32 **वर्ष से अधिक नहीं ।**

iv. **समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित आदेशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट लागू है ।**

v. **उन उम्मीदवारों, जो** 01.01.80 **से** 31.12.1989 **तक की अवधि के दौरान जम्मू व कश्मीर राज्य में मूल रूप से निवास कर रहे थे, को** 05 (**पांच**) **वर्ष तक छूट प्राप्त है और उम्मीदवार को**

जिलाधिकारी / ब्लॉक विकास अधिकारी / उप मंडल अधिकारी द्वारा इस आशय के लिए जारी किए गए प्रमाण पत्र को दस्तावेज़ सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा ।

vi. मैट्रिक / माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र में दर्ज की गई जन्म तिथि केवल स्वीकार कर ली जाएगी।

**4. चयन प्रक्रिया:**

i. पद हेतु आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वह विज्ञापन में वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है । गलत / असत्य जानकारी प्रस्तुत करना एक अयोग्यता होगी और भा0वि0प्रा0 ऐसी गलत / असत्य सूचना देने पर किसी भी परिणाम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।

ii. स्क्रीनिंग और पात्रता उम्मीदवार द्वारा प्रदान किए गए विवरणों के आधार पर होगी । उम्मीदवारों को गेट के सामान्य अंकों के आधार पर चुना जाएगा और निगमित मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित दस्तावेज सत्यापन के लिए सीधे बुलाया जाएगा ।

iii. सरकारी / अर्ध-सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले से नियोजित उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय वर्तमान नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" (एन ओ सी) प्रस्तुत करना होगा । चयन की स्थिति में अन्य दावे जैसे इस्तीफा देना, आवेदित एन ओ सी की प्राप्ति की प्रति/त्याग पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि की प्रति पर एनओसी के स्थान पर विचार नहीं किया जाएगा ।

iv. दस्तावेज़ सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिए आमंत्रण पत्र उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा । उम्मीदवारों को कॉल पत्र की एक प्रति के बिना दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

v. दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान, उम्मीदवार को पहचान प्रमाण सहित अपने मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे तथा स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट देना होगा । यदि उम्मीदवार की पहचान पर शक है या वह अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में असफल रहता है या दस्तावेजों में दी गई जानकारी बेमेल है, तो उसका / उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दिया जाएगी । कोई अतिरिक्त समय मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जाएगा।

vi. दस्तावेज़ सत्यापन को अंतिम रूप देने पर, आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का चयन गेट के सामान्य अंकों के आधार पर तैयार की गई सूची के अनुसार किया जाएगा ।

vii. सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति उम्र, योग्यता, जाति और चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र से संबंधित विभिन्न मूल दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर किया जाएगा ।

**5.** **वेतनमान :** 16400-3% -40500 (**ई** -1)

**परिलब्धियां: मूल वेतन के अलावा, प्रति वर्ष मूल वेतन के** 3% **की दर से वेतन वृद्धि , मंहगाई भत्ता, मूल वेतन के 46 प्रतिशत की दर से परिलब्धियां** (Perks), **एचआरए और अन्य लाभ, जिनमें सीपीएफ, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, चिकित्सा लाभ, वर्दी भत्ता आदि शामिल हैं, भा0वि0प्रा0 नियमों के अनुसार लागू होंगे । क्रमश: कनिष्ठ कार्यपालक के पद के लिए प्रति वर्ष कंपनी के लिए लागत (सी टी सी) लगभग 7.2 लाख रुपए होगी । वेतन पैकेज तीसरे पीआरसी के तहत डी पी ई के दिशानिर्देशों के अनुसार संशोधनाधीन है ।**

**6.** **महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

| अनुसूची | तिथि |
|---|---|
| ऑन-लाइन आवेदन करने की तिथि | 18.09.2017 |
| ऑन-लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 17.10.2017 |
| आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 20.10.2017 |

7. **आवेदन कैसे करें:**

**उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें तथा ऑन-लाइन आवेदन के मुख्य निर्देश पृष्ठ पर दिए गए सभी निर्देशों को भी पढ़ लें :**

i) **उम्मीदवारों को** www.aai.aero **पर** "CAREERS" **के अंतर्गत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन करना आवश्यक है । किसी भी परिस्थिति में आवेदन जमा करने का कोई अन्य साधन / मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

ii) **उम्मीदवारों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी होना चाहिए । भर्ती प्रक्रिया के दौरान इसे सक्रिय होना चाहिए । उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भा0वि0प्रा0 से किसी भी संप्रेषण के लिए नियमित रूप से अपने ई-मेल / भा0वि0प्रा0 की वेबसाइट को चैक करते रहें ।**

iii) **ऑन लाइन आवेदन को भरना शुरू करने से पहले, उम्मीदवारों को निम्नलिखित विवरण /दस्तावेज/ सूचना को हाथ में रखना चाहिए: -**

**(क)** **पात्रता मानदंड के अनुसार, अंकों / गेट स्कोर के प्रतिशत सहित उनकी शैक्षणिक योग्यता का विवरण।**

**(ख)** **उनका व्यक्तिगत विवरण**

**(ग)** **उनका/उनकी जाति / श्रेणी प्रमाणपत्र (एससी / ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवारों के लिए)**

**(घ)** **भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के मामले में उनका विमुक्ति प्रमाण पत्र।**

**(ङ.)** **उनका / उनकी स्कैन फोटो और हस्ताक्षर (नीचे दिए गए आयाम के अनुसार)**

**(च)** **पात्रता मानदंड से संबंधित आवश्यक अन्य कोई अन्य विवरण / दस्तावेज ।**

**8. आवेदन शुल्क और प्रेषण के मोड:**

- **उम्मीदवारों द्वारा 300/- रू0 का आवेदन शुल्क (तीन सौ रूपए केवल) का भुगतान केवल ऑन-लाइन विधि के माध्यम से किया जाना है । हालांकि, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी / महिला उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है । किसी भी अन्य विधि द्वारा जमा किया गया शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

- **आवेदन फॉर्म भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है और निम्नलिखित निर्देशों का पालन करते हुए भुगतान प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।**

- **आवेदन शुल्क जमा करने का माध्यम - उम्मीदवार दोबारा लॉग इन करें तथा लिंक/टैब "Make online Payment" पर क्लिक करें, जो केवल ऑनलाइन आवेदन जमा करने के 24 घंटे के बाद सक्रिय हो जाएगी । उम्मीदवारों को इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट / क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अपेक्षित परीक्षा फीस ऑनलाइन जमा करने के लिए केवल भारतीय स्टेट बैंक की स्टेट बैंक जमा प्रणाली के माध्यम से जमा कराना आवश्यक है । सफलतापूर्वक भुगतान किए जाने पर सिस्टम द्वारा 10 अंकों का लेन-देन संदर्भ "DU" सृजित होगा । इसे नोट कर लें और भविष्य के संदर्भ के लिए रख लें ।**
-

**स्टेट बैंक के जमा सिस्टम के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए चरण-वार प्रक्रिया:**

**(लिंक केवल ऑनलाइन आवेदन जमा करने के 24 घंटे के बाद सक्रिय होगा)**

**"Make Online Payment" पर क्लिक करें । लिंक पर क्लिक करने पर, उम्मीदवार को भा0वि0प्रा0 के स्टेट बैंक कलेक्ट पेज पर उनके लोगो को प्रदर्शित करते हुए नेविगेट किया जाएगा, और ड्रॉप बॉक्स में भुगतान की श्रेणियां सुलभ होंगी ।**

**अगली स्क्रीन पर,**

**क) उम्मीदवार को भा0वि0प्रा0 आवेदन संख्या दर्ज करना है;**

**ख) जन्म तिथि ;**

**अगली स्क्रीन पर (डाटा बेस से निम्नलिखित डेटा ऑटोमैटिक दिखाई देगा)**

**क) आवेदन अनुक्रम संख्या;**

**ख) जन्म तिथि;**

**ग) आवेदक का नाम;**

**घ) मोबाइल नंबर;**

ढ़.) आवेदित पद;

च) सामाजिक श्रेणी;

छ) ईमेल आईडी;

ज) परीक्षा शुल्क

विवरण सत्यापित करें और 'पुष्टि करें' पर क्लिक करें

अब, उम्मीदवार को भुगतान गेटवे प्राप्त होगा ।

उचित 'भुगतान का तरीका' चुनें

चयनित 'भुगतान विधि' के लिए शुल्क / कमीशन की जांच करें ।

इंटरनेट बैंकिंग / क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड का उपयोग करके 'ऑनलाइन' भुगतान करें और उम्मीदवार रिकॉर्ड के लिए ई-रसीद प्रिंट करें ।

- भुगतान पूरा होने के बाद, उम्मीदवार जमा किए गए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ले सकते हैं और उन्हें इसे भविष्य में संदर्भ के लिए रखने की सलाह दी जाती है । भा0वि0प्रा0 कार्यालय को प्रिंट आउट भेजने की आवश्यकता नहीं है ।

- एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा ।

**9. फोटो और हस्ताक्षर की स्कैनिंग के बारे में अनुदेश :**

उसका / उसकी फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन की गई छवि, नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार होनी चाहिए :

**i) फोटो छवि:**

- फोटोग्राफ हाल ही में पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो होना चाहिए (3 महीने से अधिक पुराना न हो)
- कैप/हैट/ काले चश्मे में फोटो स्वीकार्य नहीं होगा । धार्मिक हेडवियर की अनुमति है लेकिन वह चेहरे को कवर करते हुए नहीं होना चाहिए।
- स्कैन की गई फोटो फाइल का आकार केवल 20kb-50kb और आयाम 200x230 पिक्सल के बीच होना चाहिए ।

**ii) हस्ताक्षर छवि:**

- आवेदक काली स्याही के पेन से सफेद कागज पर हस्ताक्षर करें ।
- हस्ताक्षर फाइल का आकार 10kb-20kb आयाम के बीच होना चाहिए 140x60 पिक्सल (अधिमानत:)

**10.** **पृष्ठभूमि की जांच :** उम्मीदवारों का चयन अनंतिम होगा, जो कि पात्रता मानदंड, चरित्र और पूर्ववृत्त से संबंधित दस्तावेजों तथा उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए अन्य दस्तावेजों के सत्यापन पर आधारित होगा और पद हेतु उसका/उसकी अपेक्षित चिकित्सा मानकों पर भी आधारित होगा तथा भा0वि0प्रा0 के नियमों के तहत नियुक्तियों के लिए लागू अन्य आवश्यकताओं पर आधारित होगा ।

**11.** **दुराचार के खिलाफ कार्रवाई:**

i) उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे "ऑन-लाइन" आवेदन करते समय वे ऐसा कोई भी दस्तावेज / सूचना जो कि झूठी हो, छेड़छाड़ की गई हो, गड़बड़ी की गई हो या कोई जानकारी छुपाई गई हो, नहीं देनी चाहिए ।

(ii) भर्ती के किसी भी स्तर पर या बाद में, यदि किसी उम्मीदवार को या किसी भी तरह के कदाचार का दोषी पाया गया जैसे कि:

क) किसी व्यक्ति द्वारा मूर्ति रूप धारण करना अथवा प्रतिरूपण किया जाना; या

ख) चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित साधनों का सहारा लेना; या

ग) किसी भी रूप में कैनवासिंग / किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुचित प्रभाव का उपयोग करना; या

घ) किसी भी स्तर पर झूठे प्रमाण पत्र / दस्तावेजों / सूचनाओं को प्रस्तुत करना या किसी भी जानकारी को छुपाना; या

ई) परीक्षा में भाग लेते समय अथवा उसके बाद उसका / उसकी श्रेणी (अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) / पीडब्ल्यूडी / पूर्व सैनिक), के बारे में गलत जानकारी देना;

कोई अन्य कार्रवाई शुरू करने या कानूनी स्रोत, जैसा भी उचित हो, के अलावा, उम्मीदवारी को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

**11.** **सामान्य निर्देश:**

क) आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करे कि वह विज्ञापन में वर्णित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है । उम्मीदवारी पात्रता तथा भा0वि0प्रा0 में उनकी नियुक्ति से पहले या बाद में अन्य सत्यापनों के अधीन पूर्ण रूप से अनंतिम होगी ।

ख) ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा जन्मतिथि, श्रेणी और उप-श्रेणी [एससी / एसटी / ओबीसी (एनसीएल) / भूतपूर्व सैनिक), ईमेल आईडी की सूचना एक बार भरने के बाद किसी भी हालत में नहीं बदली जाएगी ।

ग) उम्मीदवार को उनके अपने हित में यह सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञानल के पैरा-6 में उल्लिखित अंतिम तारीख से पहले ऑन-लाइन अपना आवेदन कर दें और इंटरनेट पर हैवी लोड/वेबसाइट जाम/वियोजन के कारण भा0वि0प्रा0 की वेबसाइट पर लॉग ऑन करने के लिए

वियोजन/असमर्थता/असफलता की संभावना से बचने के लिए शुल्क जमा करने हेतु अंतिम तारीख तक इंतजार न करें ।

घ) जो उम्मीदवार पूर्वोक्त कारणों के कारण या भा0वि0प्रा0 के नियंत्रण से परे किन्हीं अन्य कारणों से अंतिम तिथि के भीतर अपने आवेदन जमा करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं, भा0वि0प्रा0 उनके लिए किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं है ।

ड़.) उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई सूचना असत्य पाए जाने अथवा विज्ञापन में वर्णित पात्रता मानदंड के अनुरूप न पाए जाने तथा एससी/एसटी।ओबीसी के उनके दावे को सही न पाए जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी को चयन पक्रिया के किसी चरण में या भर्ती या पद ग्रहण करने के बाद भी अस्वीकृत किया जा सकता है ।

च ) आवेदन की पात्रता, स्वीकृति या अस्वीकृति, पद आदि के चयन की विधि पर भा0वि0प्रा0 का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा । इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ज) कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की तीन वर्ष की अवधि तक सेवा करने के लिए पांच लाख रुपए की राशि एक प्रतिभूति बांड निष्पादित करना होगा ।

झ) अयोग्य पाए गए उम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए या गैर - चयन के लिए नहीं बुलाया जाएगा ।

ञ) पहले से ही सरकारी / अर्ध सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम कर रहे किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार के वेतन/अवकाश वेतन / पेंशन अंशदान आदि के कारण किसी भी दायित्व को भा0वि0प्रा0 सहन नहीं करेगा।

ट) चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है ।

ठ) केवल वेबसाइट पर सूचना : उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा और सभी सामान्य जानकारी भा0वि0प्रा0 वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जाएगी । प्राप्ति डाउनलोड करने और दस्तावेज़ सत्यापन / नियुक्ति के प्रस्ताव के लिए कॉल लैटर की पिंटिग का उत्तरदायित्व / किसी भी अन्य जानकारी की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी । उम्मीदवार द्वारा प्रदान किए गए अमान्य / गलत ईमेल आईडी, समय पर सूचना / देरी / उम्मीदवार के लिए अगर कोई उम्मीदवार समय पर अपनी मेल / वेबसाइट तक पहुंचने में विफल रहता है, तो भा0वि0प्रा0 ईमेल के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

ड) किसी विवाद हेतु न्यायालय क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा ।

ढ) पात्रता पर सलाह मांगने हेतु किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ण) इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों के संबंध में भा0वि0प्रा0 का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

त) भा0वि0प्रा0 के पास आवश्यकता पड़ने पर कोई अग्रिम सूचना जारी किए बिना या कोई सूचना कारण बताए बिना, चयन प्रक्रिया को संशोधित / परिवर्तित / प्रतिबंधित / वर्धित / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। भा0वि0प्रा0 प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इसके खिलाफ किसरी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

थ) भा0वि0प्रा0 के पास न्यूनतम पात्रता मानकों को बढ़ाने के अधिकार के साथ--साथ कोई भी कारण बताए बिना सभी या किसी भी रिक्त पद को भरने या नहीं भरने का अधिकार सुरक्षित है।

द) चयनित उम्मीदवारों को छोड़कर परिणामों के बारे में कोई अलग से संप्रेषण जारी नहीं किया जाएगा।

ध) भर्ती विज्ञापन में किए गए बाद किए गए परिवर्तनों को वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा । अत:, आगे के अपडेट के लिए उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपने ईमेल अकाउंट / भा0वि0प्रा0 वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें ।

************************

# समूह 'घ' के कर्मचारियों के लिए हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता

# 20 सितम्बर, 2017

# अब यह प्रतियोगिता लाइब्रेरी में आयोजित की जाएगी